**प्रेस नोट**

**दिनांक 29.09.2025**

## मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के अंतर्गत पुलिस लाइन्स जनपद हमीरपुर परेड ग्राउण्ड में महिला सशक्तिकरण हेतु दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन।

आज दिनांक 29.09.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के तहत पुलिस लाइन्स हमीरपुर परेड ग्राउण्ड हमीरपुर में महिला सशक्तिकरण विषयक दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारीगण तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हमीरपुर व सरदार पटेल इ0 कॉ0 हमीरपुर की छात्रायें/बालिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक खेल प्रतियोगिता न होकर समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक बुराइयों—बाल विवाह, शिक्षा का अभाव, आत्मविश्वास की कमी, नेतृत्व में असमानता, लैंगिक भेदभाव एवं महिला उत्पीड़न को प्रतीकात्मक रूप से दूर करने का संदेश देना था। दौड़ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि नारी दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तो कोई भी बाधा इतनी बड़ी नहीं होती जिसे पार न किया जा सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक प्रतिभागी को संकल्प पट्ट पर अपना संकल्प लिखने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे स्वयं तो सशक्त बनें ही, साथ ही अन्य महिलाओं और बच्चियों को भी सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरणा दें। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जब एक नारी सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और अंततः पूरा राष्ट्र सशक्त होता है। इस दौड़ को केवल खेल न मानकर इसे एक नई सोच, एक नए समाज और आत्मनिर्भर भारत की यात्रा के रूप में देखा जाना चाहिए।

अंत में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा सभी प्रतिभागियों के उत्साह और जोश की सराहना कर उन्हें पुरस्कृत किया गया, तथा महिला सशक्तिकरण के संकल्प को समाज में जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण मौजूद रहे।


मिशन शक्ति दौड़













